महत्वपूर्ण / प्राथमिकता

संख्या- 26/2015/1308/60-2-15-2/13(97)/03 टीसी

प्रेषक,

सदा कान्त
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 12 मई, 2015

विषय- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1310/60-2-15-2/13(97)/03 दिनांक 09 जून, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण का कार्य जिलाधिकारियों के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

2. इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 के लिए अवशेष कुल 2357 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्य हेतु समस्त जनपदों के लिए शासनादेश दिनांक 06.06.2014 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में रूपये 57.3450 करोड़ तथा द्वितीय किश्त के रूप में कुल 50 जनपदों के लिए शासनादेश दिनांक 23.02.15 द्वारा रूपये 34.8002 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गयी है। उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए कुल 1462 ग्रामों में आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु कुल रूपये 71.2708 करोड़ की धनराशि शासनादेश दिनांक 07.01.15 द्वारा जिलाधिकारियों को अवमुक्त की गयी है। उक्त के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 के लिए कुल अवशेष 2357 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के सापेक्ष कुल 999 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए कुल 1462 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 78 आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सका है।

3. प्रश्नगत योजना की प्रगति की उच्च स्तर पर निरन्तर समीक्षा के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी है। कतिपय जनपदों से निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत प्रथम किश्त की धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र भी अप्राप्त है, जिसके कारण द्वितीय किश्त की धनराशि की स्वीकृति में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

http://shasanadesh.up.nic.in

अवगत हैं कि डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा कराये जाने की प्राथमिकता है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए निर्धारित किये गये जनपदवार लक्ष्य के सापेक्ष निर्माण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

भवदीय,

(सदा कान्त)
प्रमुख सचिव

संख्या-26/2015/1308(1)/60-2-2015, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. निदेशक, आई.सी.डी.एस., उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्य के जनपदवार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जिला कार्यक्रम अधिकारियों से प्रत्येक पक्ष में आख्या प्राप्त कर अपनी संस्तुति सहित समीक्षात्मक रिपोर्ट शासन को प्रत्येक माह उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में अपने जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य की प्रगति की सूचना निदेशक, आईसीडीएस को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरूण कुमार मिश्र)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in